आइआइएम रांची के स्टूडेंट को 59 लाख का पैकेज

248 स्टूडेंट्स का फाइनल प्लेसमेंट, औसत पैकेज 15.11 लाख

ranchi@inext.co.in

RANCHI(16 May): आइआइएम रांची के सत्र 2018-20 के एमबीए स्टूडेंट्स को औसत पैकेज 15.11 लाख रुपये रहा. वहीं, इसी बैच के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज 59.37 लाख रुपये सालाना मिला. शनिवार को आइआइएम रांची ने फाइनल प्लेसमेंट की रिपोर्ट जारी कर दी. इस सत्र में कुल 248 स्टूडेंट्स में 181 एमबीए व 67 एमबीए एचआर के स्टूडेंट्स थे. इस बार 120 से अधिक कंपनियां आइआइएम रांची में प्लेसमेंट में रुचि दिखाई.

एमबीए एचआर बैच के लिए औसत वेतन 14.55 लाख सालाना जबकि उच्चतम वेतन 26.50 लाख सालाना रहा. एमबीए के 41 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में हुआ. इसी तरह 19 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट फाइनेंस में, 15 प्रतिशत का आइटी एंड एनालिटिक्स में, 16 प्रतिशत का ऑपरेशन एंड जनरल मैनेजमेंट में और 9 प्रतिशत का स्ट्रेटजी एंड कंसल्टिंग में हुआ.

इन कंपनियों से ऑफर

एशियन पेंट्स, सीके बिरला ग्रुप, इमामी एग्रोटेक, एचसीएल, हीरो मोटोकार्प, एचआरबीसी, इंडिगो पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा पहली बार इस कैंपस में पहुंची थी. साथ ही एक्सचेंजर, अमेजन, आनंद राठी, बॉश, कैपजेमिनी, डेलॉयट, डीएस ग्रुप, फ्लिपकार्ट, टाटा स्टील, सैमसंग आरएंड डी, मारुति सुजूकी, जेपी मार्गन चेस जैसी कंपनियां भी प्लेसमेंट के लिए पहुंची थीं.

Dainik Jagaran i-next, 17.05.2020, Pg. 03